बख्तियारपुर से मोकामा बाटा चौक तक सड़क होगी चकाचक

संवाददाता,पटना

45 किलोमीटर सड़क निर्माण पर 250 करोड़ रुपये खर्च होंगे

बख्तियारपुर के करजान से बाढ़ होते हुए मोकामा बाटा चौक तक सड़क चकाचक होगी. सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के साथ उसे दुरुस्त किया जा रहा है. अगले साल अप्रैल तक सड़क का निर्माण पूरा हो जायेगा. बख्तियारपुर से मोकामा बाटा चौक तक 45 किलोमीटर सड़क के निर्माण पर 250 करोड़ खर्च होंगे. सूत्र ने बताया कि बख्तियारपुर से मोकामा सड़क पुराना एनएच 31 रहा है. यह करजान (बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के पास) से शुरू होकर बाढ़, पंडारक, मोर व शिवनार होते हुए मोकामा तक जाती है. बख्तियारपुर से मोकामा फोर लेन के निर्माण से पुराने इस सड़क को दुरूस्त करने के साथ चौड़ा किया जा रहा है. अब सड़क की चौड़ाई 11 मीटर होगी. पहले सड़क की चौड़ाई साढ़े सात मीटर थी. पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 21 फरवरी 2025 को पटना जिले की प्रगति यात्रा के दौरान सड़क के चौड़ीकरण के साथ दुरुस्त करने की घोषणा की गयी थी. सड़क के चौड़ीकरण के साथ दुरुस्त करने का काम अगले साल अप्रैल में पूरा होगा. सड़क के निर्माण का काम सितंबर 2025 में शुरू हुआ था. सड़क के दुरुस्त होने से शहर के लोगों को बख्तियारपुर-मोकामा-बेगूसराय-खगड़िया के बीच की कनेक्टिविटी मिलेगी. पुराने एनएच-31 पर लगने वाले भारी जाम से भी राहत मिलेगी.